वर्ष	लाख रुपये में
1990-91	485.41
1991-92	70.70
1992-93	374.41

(घ) (i) हाल ही के वर्षों में जांच की गई रक्त स्लाइडों तथा पता लगाए गए मलेरिया रोगियों की संख्या नीचे दी गई है :—

वर्ष	जांची गई रक्त स्लाइडें	मलेरिया रोगी
	(हजार में)	
1989	1944	50,532
1990	1861	57,814
1991	1643	60,332
1992	1506	65,392

(ii) पिछले दो वर्षों के दौरान लक्षित आबादी (मिलियन में) के मुकाबले कीटनाशी छिड़काव की उपलब्धि इस प्रकार है :—

वर्ष	लक्ष्य	प्रतिशत कवरेज
1991	6.20	86.35
1992	8.77	73.10

बिहार में बच्चों को टीका लगाया जाना

2833. **श्री एस०एस० अहलुवालिया:** क्या स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार ने बिहार में बच्चों के टीकाकरण के संबंध में हुई प्रगति का मूल्यांकन करने हेतु केन्द्रीय स्तर पर कोई सर्वेक्षण कराया है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है :

(ग) क्या सरकार बिहार में बच्चों के टीकाकरण की प्रगति से संतुष्ट है; और

(घ) यदि नहीं तो सरकार इस संदर्भ में क्या उचित कार्यवाही करने का विचार रखती है ?

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय में राज्य मंत्री (डा० सी० सिल्वेरा) : (क) जी, नहीं ।

(ख) यह प्रश्न नहीं उठता ।

(ग) और (घ) वर्ष 1992–93 के दौरान बिहार में टीकाकरण के सूचित किए गए कवरेज स्तर इस प्रकार थे :

डी० पी० टी०	75.53 प्रतिशत
ओ० पी० वी०	74.77 प्रतिशत
बी० सी० जी०	82.73 प्रतिशत
खसरा	71.00 प्रतिशत
टेटनस (गर्भवती महिलाएं)	63.18 प्रतिशत

ये कवरेज स्तर 85 प्रतिशत से अधिक के राष्ट्रीय औसत से कम थे। बिहार सरकार को पात्र शिशुओं और गर्भवती महिलाओं की व्यापक कवरेज सुनिश्चित करने के वास्ते प्रभावी उपाय करने के लिए सलाह दी गई है ।

उत्तर प्रदेश में बीमारियों का प्रकोप

2834. **चौधरी हरमोहन सिंह :** क्या स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि गत वर्ष के दौरान उत्तर प्रदेश में कई बीमारियों का प्रकोप रहा था ;